तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार 27 जुलाई 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



यशस्वी जशपुर : प्रयोगशाला सहायकों का उन्मुखीकरण



## खबर संक्षेप

### रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के सचिव बने विजय

**जशपुरनगर।** दिल्ली में आयोजित रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की कार्यसमिति के चुनाव में जशपुरनगर के वरिष्ठ और अनुभवी नेता विजय प्रसाद गुप्ता को एक बार फिर राष्ट्रीय सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह पद पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और संगठनात्मक कौशल के आधार पर दिया है। विजय प्रसाद गुप्ता, जो पूर्व में भी इस पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं, राजनीति में एक लंबा और समृद्ध अनुभव रखते हैं। उन्होंने जशपुर जैसे छोटे शहर से लेकर दिल्ली तक राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनकी यह पुनर्नियुक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, विजय प्रसाद गुप्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के करीबी और विश्वासपात्र सहयोगियों में गिने जाते हैं। उनकी संगठनात्मक - क्षमता और कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ ने उन्हें यह महत्वपूर्ण पद हासिल करने में मदद की है।



### वाहन की टक्कर से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम करदना निवासी मतिया एक्का पति स्व. बीरबल एक्का 23 जुलाई की दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम करदना से अपनी बेटी के यहां पैदल ग्राम देवरी डुमरपारा जा रही थी। जैसे ही ग्राम झरगवां के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल महिला को शांति पारा अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पुत्र जयराम एक्का ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### रंजिश को लेकर ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** घर के सामने बैठे ग्रामीण को गांव के ही एक परिवार के सदस्यों पुरानी रंजिश को लेकर जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम परशुरामपुर निवासी बाबूलाल अगरिया गुरुवार की शाम घर के सामने बैठा था। इसी दौरान गांव के ही सुखसाय अपने पुत्र संजय व दामाद के साथ पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब बाबूलाल ने गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर उसकी बेदम पिटाई कर दी। इधर घटना को देख गांव के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित बाबूलाल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पलटा गिट्टी लोड वाहन, तीन घंटे एनएच 343 रहा बंद

**बलरामपुर।** शुक्रवार को एनएच 343 पर गिट्टी लोड ट्रक के बीच सड़क पर पलट जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बंद हो गया। इस दौरान तीन घंटे से अधिक समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित रहा। आवागमन बंद होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन शुरू कराया। इस दौरान बीच जंगल में जाम में फंसे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बतया जा रहा है कि हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 30 एफ 5617 अंबिकापुर की तरफ से गिट्टी लोड़कर रामानुजगंज की तरफ जा रहा था।

# सन्ना में तीरंदाजी अकादमी के लिए 20 करोड़ की मिली स्वीकृति


हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगीचा विकास खंड के सन्ना तहसील में आरचेरी अकादमी बनाने के लिए 20 करोड़ 53 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दे दी गई है। एनटीपीसी ने सीएसआर फंड से यह राशि दी गई है।

- दूरस्थ अंचलों के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और अन्य बच्चों को भी मिलेगा लाभ

तीरंदाजी अकादमी में दूरस्थ अंचलों के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बच्चों और अन्य आदिवासी बच्चों को खेल अभ्यास कराया जाएगा ताकि बच्चे अपनी प्रतिभा राज्य से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सके। मुख्यमंत्री ने कहा खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। तीरंदाजी केन्द्र में अभ्यास के लिए एक खेल मैदान, छोटा पुस्तकालय, मेडिकल की सुविधा, बच्चों का कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र, छोटा नर्सरी और हर्बल चाय की खेती की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि आरचेरी एक खेल और कला है जिसमें धनुष और बाण का उपयोग करके लक्ष्य पर निशाना लगाया जाता है। यह एक प्राचीन गतिविधि है। धनुष यह एक लचीली वस्तु होती है जिससे बाण को छोड़ा जाता है। बाण नुकीला तीर जिसे लक्ष्य पर छोड़ा जाता है। लक्ष्य जिस पर निशाना लगाया जाता है, आमतौर पर एक गोल आकृति होती है जिसमें अलग-अलग रंग और स्कोर क्षेत्र होते हैं। निशाना लगाने की तकनीक इसमें एकाग्रता, संतुलन और शरीर की स्थिरता बहुत ज़रूरी होती है। भारत में आरचेरी का गहरा इतिहास है। महाभारत और रामायण में भी धनुर्विद्या का उल्लेख है। आधुनिक खेलों में भारत के खिलाड़ी जैसे दीपिका कुमारी और अतनु दास ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

## मुख्यमंत्री ने दी बड़ी सौगात



## फरसाबहार में बनेगा विश्राम गृह

- 28 जून को सीएम ने की थी घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने घोषणा को प्राथमिकता से पूरा भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में विगत दिवस तपकरा प्रवास के दौरान फरसाबहार में विश्राम गृह बनाने की घोषणा की थी। जिसके लिए 1 करोड़ 72 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति भी दे दी है। मुख्यमंत्री ने तपकरा को नगर पंचायत बनाने व स्थित खेल स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए देने और फरसाबहार में विश्राम गृह निर्माण करने की घोषणा की थी।

### तहसील कार्यालय शुरू होने से लोगों को मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयास से आम जनता को अधिकांश कार्यों के लिए राजस्व विभाग की जरूरत पड़ती है। तहसील कार्यालय खुलने से इसका लाभ यहां की नागरिकों मिल रहा है। श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। आवास प्लस प्लस के तहत जिसके पास 5 एकड़ असिंचित भूमि, 2.50 एकड़ सिंचित भूमि, टू व्हीलर और 15 हजार की आमदनी है उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान 3 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया था। महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना ने माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आमदनी में इजाफा के लिए तेंदू पत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा मिले इसके लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले जा रहे हैं। आगामी पंचायत दिवस को सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है।

### विश्राम गृह की स्वीकृति मिलने पर जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

घोषणा अनुरूप फरसाबहार में विश्राम गृह की स्वीकृति मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हर्ष व्याप्त है, उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार प्रकट किया है।

## हिमाचल व दिल्ली से नाबालिगों की हुई दस्तयाबी

# सप्ताह भर में छह नाबालिग बच्चियां परिजनों से मिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- ऑपरेशन मुस्कान बना गुमशुदा बच्चों के लिए आशा की किरण

जिले में गुम हुए बच्चों की तलाश के लिए चलाया जा रहा ऑपरेशन मुस्कान अब उम्मीद की मिसाल बनता जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देश में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत जशपुर पुलिस ने विगत एक सप्ताह के भीतर छह नाबालिग बच्चियों को सकुशल खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। इनमें से दो बच्चियों को हिमाचल प्रदेश और दिल्ली से बरामद किया गया, जो पुलिस की सतर्कता और प्रतिबद्धता का परिणाम है।





### हिमाचल से लाई गई नाबालिग, आरोपी गिरफ्तार

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 6 अगस्त 2024 को 17 वर्षीय किशोरी रहस्यमय तरीके से घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों में खोजबीन की, पर जब कहीं पता नहीं चला, तो पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने गुम इंसान व बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।तकनीकी टीम की सहायता से पता चला कि किशोरी हिमाचल प्रदेश के योल, जिला कांगड़ा में एक युवक राजेश राम उम्र यादव 27 के साथ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम हिमाचल रवाना हुई और किशोरी को युवक के कब्जे से मुक्त कराया गया।

### शादी का झांसा देकर भगाया,किया दुष्कर्म

पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने लड़की को शादी का झांसा देकर भगाया था।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64(2), 87, 96 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। किशोरी को परिजनों को सौंप दिया गया।

### दिल्ली में मिली दोकड़ा की किशोरी

इसी ऐसी तारतम्य में दोकड़ा चौकी क्षेत्र की एक 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने 2 जुलाई 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी बिना बताए घर से चली गई है। परिजनों को शक था कि वह दिल्ली में काम की तलाश में गई है।पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू की। जांच के दौरान जानकारी मिली कि किशोरी दिल्ली स्थित ₹निर्मल छाया चिल्ड्रन होम₹ में है। पुलिस टीम ने दिल्ली जाकर उसे दस्तयाब किया और सकुशल परिजनों के हवाले किया।पूछताछ में लड़की ने बताया कि वह खुद दिल्ली गई थी, किसी ने बहकाया नहीं था।

### 4 बच्चियां भी सकुशल लाई गईं घर

इन दो मामलों सहित जशपुर पुलिस ने कुल 6 नाबालिग बच्चियों को अलग-अलग स्थानों से तलाश कर उनके मां-बाप के आंसुओं को मुस्कान में बदला। यह उपलब्धि पुलिस की सजगता, संवेदनशीलता और सतत प्रयासों का परिणाम है।

### हर गुम बच्चा हमारी प्राथमिकता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत हमारी पहली प्राथमिकता गुमशुदा बच्चों को सकुशल ढूंढकर परिवार से मिलाना है। प्रदेश के भीतर ही नहीं, बाहर भी हमारी टीम लगातार तत्पर रहती है। इस सप्ताह की सफलता हमारे संकल्प का उदाहरण है।"

## मृतक रामकुमार का शव मुंबई से पहुंचा गृह ग्राम



वाहन से शव उतारते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- परिजनों ने सीएम कैंप कार्यालय बगिया में की थी मदद की अपील

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील पहल पर जिले के कुदमुरा पतराटोली, तहसील बगीचा निवासी मृतक राम कुमार हरमा का शव मुंबई से उनके गृह ग्राम पहुंचाया गया है। मुंबई में हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में ट्रेन से गिरने पर उनकी मृत्यु हो गई थी। कुदमुरा पतराटोली के वार्ड क्रमांक 01 में रहने वाले मृतक राम कुमार के परिजनों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में आकर उनका शव गृह ग्राम लाने में सहायता के लिए निवेदन किया था।

### मिली मदद बनी संबल

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए त्वरित पहल की और मृतक राम कुमार हरमा का शव मुंबई से लाने की कार्यवाही शुरू हो गई। आज सुबह लगभग सुबह साढ़े 4 बजे शव ट्रेन के माध्यम से झारसुगड़ा पहुंची। इसके बाद मुक्तांजली के माध्यम से उनका शव गृह ग्राम कुदमुरा पतराटोली लाया गया। किसी परिजन की असमय मृत्यु परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है, और वह भी जब ऐसी घटना घर से दूर घटित हो। ऐसी स्थिति में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके यह परिवार की पहली इच्छा होती है। इस कठिन घड़ी में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय द्वारा की गई त्वरित और मानवीय पहल ने परिजनों को मानसिक संबल प्रदान किया।

## लोखंडी स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- वीर शहीदों को याद कर भावुक हुए छात्र
- देशभक्ति के नारों गूंजा परिसर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोखंडी में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नजर आया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, कविताएं, भाषण और चित्रों के माध्यम से वीर जवानों के साहस को सलामी दी।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बुनकर ने दीप प्रज्वलन और शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।




**प्राचार्य ने दिया प्रेरक संदेश:** कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्रीमती बुनकर ने अपने उद्बोधन में कहा, "हमें अपने शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। उनकी कुर्बानी से ही आज हम स्वतंत्र हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए।"उन्होंने बच्चों को सच्चा नागरिक बनने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### देशभक्ति से सराबोर प्रस्तुति

छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और कविताओं ने समां बांध दिया। बच्चों ने चित्रकला और भाषण के जरिए कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के शौर्य का चित्रण किया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल वातावरण को भावुक किया, बल्कि हर किसी के मन में देशप्रेम की भावना को भी प्रबल किया।

### वीरता की कहानी सुन हुए प्रेरित

संस्था की व्याख्याता आशा एरेन लकड़ा ने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक संदर्भों को साझा करते हुए बताया कि कैसे विषम परिस्थितियों में भी भारतीय सैनिकों ने दुश्मनों को पीछे धकेलकर देश की रक्षा की। उन्होंने कहा, "कारगिल विजय दिवस सिर्फ जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि यह भारतीय सेना की अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति की पहचान है।"

## बहकर रेण नदी में पहुंच गया था युवक का शव, किया गया बरामद

**अंबिकापुर।** बाइक समेत खर्रा नदी में गिरे दूसरे युवक का शव भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। युवक का शव बहते हुए सिंगीटाना तक पहुंच गया था। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों युवकों के शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। एक साथ दो युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है जबकि युवकों के परिजन सदमे में है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है। बता दें कि बेलखरिखा पलगढ़ी निवासी 20 वर्षीय हिमांशु आ. अमय लाल अपने दोस्त 17 वर्षीय कार्तिकेय सिंह आ. सतेन्द्र सिंह को साथ लेकर 23 जुलाई की रात कलगसा जा जाने के नाम पर निकला था। युवक की मां कलगसा में थी लेकिन दोनों युवक ग्राम कलगसा नहीं पहुंचे थे। 24 जुलाई की सुबह खर्रा नदी में एक युवक का शव बरामद किया गया था।

### जल रिसाव दे रहा खतरे का संकेत

# खमगड़ा बांध में भरा लबालब पानी, अलर्ट की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- मुख्य गेटवाल बंद
- ओवर फ्लो से बह रहा पानी

जिले के करीब कोतबा में स्थापित खमगड़ा जलाशय परियोजना में जलस्तर के खतरनाक स्तर तक पहुंचने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। स्थिति ऐसी बनी है कि ओवर फ्लो से पानी बहकर जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय के बाद लगातार 60 घंटों से हो रही बारिश के कारण यह स्थिति देखने को मिल रही है।


जलस्तर बढ़ने की जानकारी के बाद तटीय इलाकों में बसे लोग बड़ी संख्या में देखने को जा रहें है.तटीय इलाकों के रहवासियों को डर बना हुआ है कि बाढ़ का पानी उनके घरों में तो नही पहुच जायेगा.इधर बढ़ते जलस्तर को देखकर गांव के मत्स्य समिति के लोग बड़ी संख्या में एकजुट होकर ओवर फ्लो हो रहे जगह पर लकड़ी के खंबे गाड़कर उसमें जाली लगाकर मछलियों की सुरक्षा में लगे हुये हैं.मत्स्य समिति के अध्यक्ष सहित पूर्व सरपंच गुलाब पैंकरा,मिनिकेतन चौधरी,भुवनेश्वर चौधरी ⏭ शेष पेज 4 पर



**गड्ढे दे रहे खतरे का संकेत:** खमगड़ा जलाशय डेम की मुख्य मेड़ में कई स्थानों में गड्ढे बने हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही डेम के कुछ हिस्सों से जल रिसाव भी हो रहा है। 22 सालो से अधूरे पड़े डेम की स्थिति जर्जर हालत गंभीर समस्या खड़ी कर सकती है। गड्ढो को देखने से लगता है कि मिट्टी कई स्थानों में बैठ गई है। अधिक जल भराव की स्थिति में बांध की सुरक्षा व्यवस्था पर भी खतरा बना हुआ है।

**गेट खोलने से होगा किसानों को नुकसान:** बढ़ते जलस्तर को ओवर फ्लो के माध्यम से ही निकासी किया जाना है.अगर बांध के मुख्य गेटवाल को खोल दिया जाये तो किसानों के फसलें नुकसान होगी, साथ ही अपूर्ण नहरों को नुकसान होगा।

**-नरेंद्र सिन्हा, एसडीओ**
जलसंसाधन विभाग पत्थलगांव



## खबर संक्षेप

### निविदा निरस्त करने को लेकर पार्षद ने ननि आयुक्त को भेजा नोटिस

अंबिकापुर। नगर निगम में तकनीकी कारणों का हवाला देकर 3.34 लाख के कार्यों की निविदा को निरस्त करने का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में नगर निगम के पार्षद शुभम जायसवाल ने अधिवक्ता के माध्यम से ननि आयुक्त को कानूनी नोटिस भेजा है और निविदा निरस्त करने का जवाब मांगा है। ननि के वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद शुभम जायसवाल अधिवक्ता संतोष सिंह के माध्यम से नगर निगम आयुक्त को कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यो के लिए बुलाई गई निविदा को निर्धारित तिथि को खोलने या तीन दिन के भीतर निविदा निरस्त करने का स्पष्ट कारण न बताने बताने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। नोटिस में कहा गया है कि निगम ने तीन करोड़ 3 करोड़ 34 लाख 77 हजार कामो की निविदा आमंत्रित की थी। निविदा की शर्तों के अनुसार निविदा फार्म बेचकर निगम ने 6 लाख 81 हजार की आय अर्जित की। 23 जुलाई को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि थी। बिना किसी कारण के राजनीतिक दबाव में 22 जुलाई को निविदा निरस्त कर दिया गया। अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में सीसी रोड, नाली और सड़क मरम्मत का काम जनहित में किया जाना अत्यंत आवश्यक था जिससे नागरिकों की आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निविदा खोलने की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित है इसलिए तय तारीख को निविदा खोलकर आगामी कार्यवाही करने नही करने की स्थिति में न्यायालयीन कार्यवाही करने की बात कही है।

### सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



सूरजपुर। शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के जमा होने की समस्या काफी बढ़ती जा रही है जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं तथा आवारा मवेशियों से हो रही है परेशानी से निजात दिलाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। सौपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु जिले में वर्तमान में एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। पशु मालिकों द्वारा जो पशु कृषि उपयोगी नहीं है या दूध नहीं देती है उन्हें रोड में आवारा स्थिति में छोड़ दिया जाता है जिससे एनएच 43 एवं अन्य प्रमुख मार्गो में झुंड बनाकर खड़े रहते है या बैठे रहते है। ऐसे में आवागमन पूरी तरह से बाधित होता ही है साथ ही आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। संबंधित विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत, पशु विभाग एवं अन्य कोई संस्थान इस ओर कोई ध्यान नहीं देते है। कई बार शिकायतों के बावजूद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी है। पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों में गौठान बनवाया गया है लेकिन उसके पश्चात भी उन गौठानों का कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है। गौठानों की स्थिति भी दयनीय हो गई है। एनएसयूआई ने इस दिशा में ठोस एवं सकारात्मक कदम उठाने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई के रुद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, प्रदेश सहसचिव लिवनेश सिंह, रेहान, विष्णु साहू, सोमू खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आयुष विभाग ने शिविर में किया मरीजों का उपचार




सीतापुर। स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने बाजारडांड में विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर समेत क्षेत्र से आए कुल 356 मरीजों का उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस संबंध में शिविर प्रभारी डॉ. एए अंसारी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। खान पान एवं रहन सहन में बदलाव लाकर कैसे अपने आप को स्वस्थ रख सके इस बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. आशा टोप्पो, डॉ. गुणनिधि सिंह, डॉ. संतोष टोप्पो, डॉ. मनीषा कंवर, फार्मासिस्ट भानु सिदार, सुनीता एक्का, एचएन साहू, एसके श्रीवास, राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## पैथोलॉजी विभाग में संचालित है हिस्टोपैथोलॉजी लैब

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो रही बायप्सी जांच, छह महीने में मिले 101 कैंसर मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हिस्टोपैथोलॉजी लैब अब कारगर साबित हो रहा है। पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत संचालित हिस्टोपैथोलॉजी में बड़े बायप्सी टेस्ट कि सुविधा उपलब्ध होने के बाद से लोगों को बड़ी सुविधा मिल गई है। अब लोगों को इस गंभीर बीमारी की जांच के लिए बाहर जाने और मोटी रकम खर्च करने कि आवश्यकता नहीं पड़ रही है।हिस्टोपैथोलॉजी लैब में महज छह महीने में ही 101 मरीजों में कैंसर की पुष्टि होने के बाद उनका उपचार शुरू हो पाया है।

**खास बात**

- सरगुजा में लागातार बढ़ रहे कैंसर के मरीज

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना 2016 में की गई और वर्ष 2019 में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में हिस्टोपैथोलॉजी लैब की स्थापना कर दी गई थी। इस लैब की स्थापना होने के बाद अब अस्पताल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की जांच संभव हो पाई है और मरीजों को अब इस जानलेवा बीमारी की जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। हिस्टोपैथोलॉजी लैब में बायप्सी टेस्ट के जरिए कैंसर का पता लगाया जाता है। बड़ी बात यह है की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस जांच कि सुविधा महज 150 रूपए में हो जाती है जबकि इसी जांच के लिए निजी अस्पताल में 12 से 15 सौ रुपए तक लग जाते है। इसमें भी राशि का निर्धारण बायप्सी हेतु लिए गए टिशु के आधार पर किया जाता है। आंकड़ों पर नजर डाले तो हिस्टोपैथोलॉजी लैब में लगातार कैंसर के मरीजों के सैम्पल आ रहे है और उनमें कैंसर कि पुष्टि हो रही है। वर्ष 2024 में हिस्टोपैथोलॉजी लैब में 1272 सैम्पल कि जांच में 196 सैम्पल में कैंसर की पुष्टि हुई है जबकि वर्स 2025 में अब तक 886 सैम्पल कि जांच में 101 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है।



लैब में जांच करते चिकित्सक।

#### पांच प्रक्रियाओं से होती है बायप्सी जांच

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार हिस्टोपैथोलॉजी लैब में बायप्सी की जांच 5 प्रक्रियाओं से होकर गुजरती है। इसमें सबसे पहले सैम्पल की ग्रोसिंग की जाती है। ग्रोसिंग के दौरान सैंपल की नग्न आंखों से ही जांच कर यह तय किया जाता है की सैम्पल के किस हिस्से की जांच की जाती है। यहां से सैंपल के टिशु को प्रोसेस किया जाता है फिर माइक्रो टोम में सेक्शन काटा जाता है और फिर इसकी स्टेनिंग कर स्लाइड तैयार किया जाता है। तैयार किए गए स्लाइड में कैंसर टिशु की जांच माइक्रोस्कोप के जरिए की जाती है। बड़ी बात यह है कि हिस्टोपैथोलॉजी लैब में जिस माइक्रो स्कोप का उपयोग किया जाता है उसमें किसी भी टिशू के आकार को 1 हजार गुना तक बढाने की क्षमता है।

#### एक हफ्ते में मिलती है रिपोर्ट

हमारे यहां पैथोलॉजी विभाग में हिस्टोपैथोलॉजी लैब संचालित है। इस लैब में बायप्सी जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस लैब में नियमित रूप से जांच चल रही है। जांच की रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध हो जाती जिससे कई मरीजों को राहत मिली है।

-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक



## नेशनल किक बॉक्सिंग में सरगुजा ने 2 स्वर्ण समेत जीते चार पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रायपुर में आयोजित सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार पदक हासिल किया है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीता है।

बता दें कि रायपुर में 16 से 20 जुलाई तक सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। वाको इंडिया और किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 12 सौ खिलाड़ियों ने हिस्स लिया। इस प्रतियोगिता में 56 किलोग्राम वर्ग में स्वाति रजवाड़े व 51 किलोग्राम वर्ग में सरवर एक्का ने स्वर्ण पदक हासिल किया है जबकि 48 किलोग्राम वर्ग में संजना मिंज व 40 किलोग्राम वर्ग में प्रीती पैकरा ने कांस्य पदक जीता है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों और जिलेवासियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा से आयुष्मान शबनम व माही का राज्य की टीम में चयन

राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ की टीम में सरगुजा के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी यूपी ने आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में शामिल होंगी। 14 वीं सेन्ट्रल जोन नेशनल नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 26 से 28 जुलाई तक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हो रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हो रही है और प्रदेश की टीम में सरगुजा नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सरगुजा से बालक वर्ग से आयुष्मान यादव एवं बालिका में माही मंसूरी, शबनम नाज का चयन हुआ है। दोनों बालिका शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर की छात्रा हैं। खिलाड़ी नियमित रूप से गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड में अभ्यास करते हैं। सरगुजा नेटबॉल खिलाड़ी लगातार जिले व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। सरगुजा जिला से चयनित तीनों खिलाड़ियों को नेटबॉल संघ के सचिव रजत सिंह, सौरभ सिन्हा, गौरव सिंह, केपी सिंह, निशांत सिंह गोल्डी, खुशबू गुप्ता के साथ जिला नेटबाल संघ परिवार व सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### नकना में दो हाथियों के आने से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग कर रहा सचेत

**बतौली/सेदम।** बतौली के ग्राम नकना जंगल में दो हाथियों के आ जाने से ग्रामीणों में दहशत है। दोनों हाथी फिलहाल जोबलापारा जंगल में है। इधर वन विभाग ग्रामीणों को हाथी की सूचना व सतर्कता के साथ रहने समझाइश दिया जा रहा है। बतौली क्षेत्र में हाथियों का विचरण लगातार किया जा रहा है जो कभी बतौली सीमा क्षेत्र तो कभी बतौली से सटे जशपुर के सीमा क्षेत्रों में विचरण करते रहते है। आज बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत नकना के जोबला पारा जंगल में दो हाथी पहुंच गए। बताया जा रहा है कि दोनों हाथी जशपुर क्षेत्र से आए है। इधर हाथियों के जोबलापारा जंगल में डटे रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि वन विभाग की टीम मुस्तैद होकर ग्रामीण को रात के समये बाहर नहीं निकले की समझाइश दे रहे है। साथ ही जंगल में जाने से भी मना कर रहे है।

### एक हजार रुपए में मोबाइल से तैयार कर दिया फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

**अंबिकापुर।** पुलिस ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने महज एक हजार रुपए में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया जिसका उपयोग कर जालसाजों ने लोन के एवज में इंश्योरेंस की राशि हड़प ली। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जोरी निवासी धनीराम कि पत्नी लालो बाई ने वर्ष 2021 में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कि शाखा शंकरगढ़ से 72 हजार रुपए का लोन लिया था और महिला समय पर लोन की किश्त भी जमा कर रही थी। इस दौरान फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे व कर्मचारी संजय कुमार साहू ने साजिश के तहत लोन में नामित व्यक्ति महिला की पत्नी धनीराम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर लोन बंद करवा दिया और लोन खाते में प्राप्त हुई इंश्योरेंस की रकम 18 हजार रुपए को महिला लालो बाई को झूल बोलकर आहरित कर लिया था। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद धनीराम ने 29 सितम्बर 2024 को पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने मामले में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे एवं अन्य कर्मचारी संजय कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। दौरान ही आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने झारखंड के गढ़वा अंतर्गत रंका निवासी कंचन विश्वकर्मा को 1 हजार रुपए देकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया था और उसी फर्जी प्रमाण पत्र को लोन आईडी में समायोजित कर लोन बंद कराया और बीमा की राशि हड़प ली। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे आरोपी रंका तमगेकला निवासी 24 वर्षीय कंचन विश्वकर्मा आ. मनोज विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने मोबाइल फोन से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की बात स्वीकार की। आरोपी ने मोबाइल फोन में मृत्यु प्रमाण पत्र को एडिट कर 1 हजार रुपए में अपने दोस्त को बेच दिया था। इस मामले में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



## नशीली टेबलेट और कफ सीरप के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर घर से नशीली टेबलेट व कफ सीरप बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा। टीम ने युवक के घर से बड़ी मात्रा में नशीली टेबलेट व कफ सिरप जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि चौकी बसदेई सिरसी निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा अपने घर में भारी मात्रा में नशीला टैबलेट और कफ सिरप रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने धर्मेंद्र कुशवाहा के घर दबिश देकर तलाशी ली तो घर से 40 नग कफ सिरप, व 1 हजार 76 नग नशीले टैबलेट जब्त किया। टीम ने नशीला टेबलेट व कफ सीरप को जब्त कर आरोपी धर्मेंद्र कुशवाहा गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई प्रदीप वर्मा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, पारसनाथ गुप्ता, कृष्णा कुशवाहा, मेवालाल सोनवानी, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक बिंदु राजवाडे, नगर सैनिक राकेश कुशवाहा सक्रिय रहे।



## एसईसीएल के सूने आवास को चोरों ने फिर बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जेएमक्यू कालोनी स्थित आवास से नगदी समेत जेवरात हुए पार
- ताला लगे हुए क्वार्टरों की हो रही सटीक रेकी

सटीक रेकी करने पश्चात अज्ञात बदमाशों ने फिर से सूने कम्पनी आवास में घुसकर हाथ साफ कर दिया है, इस बार अज्ञात चोरों ने जेएमक्यू कालोनी में धावा बोलकर नगदी समेत जेवरात को पार कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि एसईसीएल आवासीय जेएमक्यू क्वार्टर नंबर 46 निवासी अरविंद सिंह पिता स्व. बृजमोहन सिंह गत दिनों 19 जुलाई को परिवार समेत अपने पुत्र के पास मनेंद्रगढ़ मिलने गए हुए थे। इसी दौरान 24 जुलाई को पड़ोसियों ने क्वार्टर के दरवाजे का ताला टूटे होने पर चोरी की आशंका जताते हुए मोबाइल पर प्रार्थी अरविंद सिंह को सूचना दी। सूचना पर प्रार्थी ने यहां आकर देखा तो पाया कि अज्ञात चोरों ने सूने मकान में प्रवेश कर अलमारी में रखे करीब पांच हजार रुपए नगदी समेत सोने का मंगलसूत्र, सोने का कान का टॉप्स 1 सेट व अन्य सामानों को चोरी कर ली है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## मगरिहा नाला में बही बच्ची का नहीं चल पाया पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- रोका गया तलाशी अभियान

अपने तीन माह की दूधमुंही बच्ची को लेकर मगरीहा नाला पार कर रही महिला की गोद से तेज लहरों में जा गिरीमासूम बच्ची का आज नौ दिन गुजरने बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। दो बार चले रेस्क्यू अभियान के बाद अब रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया गया है।

गौरतलब है कि ग्राम गेतरा निवासी सरिता नामक महिला अपने तीन माह की बच्ची को लेकर बुधवार 17 जुलाई को मगरीहा नाला पार कर रही थी, इस दौरान उफान भरी तेज बहाव लहरों में महिला का पैर अचानक पानी में लड़खड़ाया और फिर उसके गोद में पड़ी तीन माह की बच्ची लहरों में समा गई। घटना की सूचना पर जिला नगर सेना की डीडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच पूरे दिन नवजात को खोजने तलाशी अभियान चलाया लेकिन कहीं पता नहीं चलने व अंधेरा हो जाने के बाद तलाशी अभियान रोकना पड़ा, इसके बाद पुनः दूसरे दिवस तलाशी अभियान चला लेकिन फिर भी बच्ची का पता नहीं चल पाया, उक्त तलाशी अभियान में लगी टीम नाला के बहाव स्थल और नदी को जोड़ने वाले स्थान तक पता तलाश की।दो दिन के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अब तलाशी रोक दी गई है।कुछ समय के लिए बारिश रुकने के बाद नदी नालों का जलस्तर भी घटा लेकिन आज पर्यंत बच्ची का शव बरामद नहीं किया जा सका है।

### स्थानांतरित प्राचार्य को यथावत रखने की मांग लेकर छात्र कर रहे आंदोलन

**भैयाथान।** पंडित रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय के छात्र नए प्राचार्य की पदस्थापना को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते का स्थानांतरण होने के बाद सीबी मिश्रा को नया प्राचार्य पदस्थ किया गया है। नए प्राचार्य का नाम सुनते ही महाविद्यालय के छात्र विरोध में धरना पर है। तीन वर्ष पूर्व श्री मिश्रा महाविद्यालय के प्राचार्य थे। छात्रों का आरोप है कि इस दौरान शिक्षा का स्तर काफी खराब हो गया था तथा 71 में से 70 छात्र फेल हो गए थे। महाविद्यालय की किरकिरी होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने उन्हें हटाकर रंजीत कुमार सातपुते को प्राचार्य बनाया था। गुरूवार को महाविद्यालय के छात्रों ने एसडीएम सागर सिंह को प्राचार्य को यथावत करने की मांग लेकर ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने बताया कि श्री मिश्रा के कार्यकाल के दौरान लगातार शिकायतें हो रही थी। छात्रों से दुर्व्यवहार करने की शिकायत पर उनका स्थानांतरण किया गया था।



## संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक




हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शुक्रवार को गणेशपुर पुहपुटरा अमेरा संकुल केंद्र में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए। अतिथियों नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया। नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया।


इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूली बच्चे मोबाइल का समय पर उपयोग करें और अपनी दिनचर्या में खेलकूद और योगाभ्यास अपनाए। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल के शिक्षक शिक्षकों से कहा कि स्कूल की छुट्टी होने से पूर्व स्कूली बच्चों को योगाभ्यास पीटीआई सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियां कराई जाए जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने संबोधित किया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल, विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, बीईओ देव प्रसाद गुप्ता, एबीईओ मनोज तिवारी, बीआरसी दीपेश पांडे, घरबरन राजवाड़े, सूरज राजवाड़े, इंद्रजीत राजवाड़े, प्रदीप सिंह, अनिल राजवाड़े, मुकेश ठाकुर, कृपा शंकर राजवाड़े, नरेंद्र राजवाड़े, रविंद्र सेन, संस्था प्रमुख एमएस पैकरा, इलियास खलखो, सुमेधा तिवारी, संकुल समन्वयक संकेत गिरी, अस्मत अली, परशुराम सिंह, विशंभर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## शहर सहित आसपास क्षेत्रों में खपाते हैं इमारती लकड़ी

# बतौली क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए उत्तर प्रदेश के लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली क्षेत्र में कीमती इमारती लकड़ी की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह कि क्षेत्र के जंगलों से बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घटना की जानकारी वन विभाग सहित राजस्व विभाग को नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई के अभाव में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद हो गए है। हालांकि पिछले माह वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने न सिर्फ कार्रवाई की बल्कि तीन ट्रैक्टर अवैध लकड़ी को जब्त किया था। लेकिन पुलिस विभाग में फेरबदल होने के बाद अब क्षेत्र में एक बार फिर लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है जो विभागीय साठ गांठ से हर रोज भरी बरसात में रात्रि के समय ट्रक में लदे इमरती लकड़ी उत्तरप्रदेश भेजे जा रहे है। जिले के जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी बदस्तूर जारी है। बतौली, लुण्ड्रा, सीतापुर क्षेत्र से सेमर, नीलगिरी पेड़ो की कटाई कर लकड़ियों का तस्करी लगातार कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से खसरा ,बी वन निकलवा उनके इमरती लकड़ी को कौड़ी के भाव खरीद कर तस्कर अपनी जेबे गरम करने में लगे हुए है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को कुछ घंटों में मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है।



#### दूसरे राज्यों में खपा रहे लकड़ी

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में हरे भरे पेड़ों को बिना अनुमति काटकर बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस व सेमर सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काटे जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन लकड़ियों के आड़ में इमारती लकड़ियों की तस्करी भी बृहद पैमाने पर हो रही है।

#### अवैध कटाई को रोका जाएगा

क्षेत्र में हो रहे अवैध पेड़ो की कटाई को रोका जाएगा। साथ ही लकड़ी तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करवाया जाएगा।

-देवनाथ सिंह
भाजपा जिला महामंत्री

#### की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र से अवैध लकड़ी की तस्करी की जा रही है तो तत्काल टीम भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-तारा सिदार, तहसीलदार बतौली




# वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

## लाइफ Style

# कियारा
## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम



कियारा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की कियारा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो कियारा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने कियारा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ कियारा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं कियारा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने कियारा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि कियारा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में कियारा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक कियारा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।

## हॉलीवुड मसाला




# भारत में ये फिल्म 17 हफ्ते रही हाउसफुल

**नई दिल्ली।** 31 साल पहले जब स्टीवन स्पीलबर्ग की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जुरासिक पार्क' भारत में रिलीज हुई, तो इसने दर्शकों के बीच ऐसा जादू बिखेरा कि सिनेमाघरों में हाउसफुल का रिकॉर्ड टूट गया। साल 1994 में मुंबई के स्टर्लिंग थिएटर में इस फिल्म की रिलीज के दौरान लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जो वीटी स्टेशन तक फैली हुई थीं। यह फिल्म लगातार 17 हफ्तों तक हाउसफुल रही और कुल 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। जुरासिक पार्क की इस शानदार सफलता ने न केवल भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह यूनिवर्सल पिक्चर्स की भारत के साथ पहली बड़ी साझेदारी भी थी।



# हैली बीबर को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास

**लॉस एंजिल्स।** देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। हैली बीबर ने बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। सर्विक्स गर्भाशय का निचला हिस्सा होता है, जो योनि से जुड़ता है और डिलीवरी के दौरान बच्चे के बाहर निकलने का रास्ता होता है। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी।



# इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है।



# भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है।

# टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी।



जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।

# तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम



**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन, जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे, जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे। अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा।

# रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।

**कहानी** : *गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।*



**अभिनय** : सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता। कहानी थोड़ी अलग है। कैमरा वर्क और लोकेशन्स जैसे कि गांव की गलियां, पुरानी हवेलियां और डरावने जंगल वाकई लाजवाब हैं। सीरीज का लुक एंड फील एकदम ग्रिपिंग है।
**कमजोरी** : कहानी में इतने पेंच हैं कि कई बार दिमाग चकरा जाता है। असली विलेन कौन है, ये समझते-समझते काफी वक्त लग जाता है। कुछ एपिसोड थोड़े स्लो लग सकते हैं, खासकर अगर आप बिंज-वॉच के मूड में हो तो धैर्य रखना जरूरी है। क्लाइमैक्स की बात करें तो वो थोड़ा हल्का-सा लगता है, मतलब शुरुआत जितनी डरावनी थी, एंडिंग उतनी दमदार नहीं है।

## कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड

# 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।

### बजट से सात गुना की थी कमाई

बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।



### सुपरहीट हुए थे गाने

जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।

### फिल्म की कहानी

*कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।*

## खबर संक्षेप



### बिलाईगढ़ की सड़कों पर गड्ढों की भरमार

**सरसींवा।** बिलाईगढ़ मुख्यालय की सड़कें इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी हैं। दुम्हनी, गोविंदवन, एपननी मार्ग सहित विभिन्न मार्गों पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिससे रोजाना राहगीरों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। बंगला भाटा, कचहरी चौक, अटल चौक, हटरी, बस स्टैंड, दशहरा चौक आदि क्षेत्रों में सड़कें खस्ताहाल हैं। एसडीओ डी.एल. बंजारे ने बेहद संवेदनहीन उत्तर में कहा कि मैं कुछ नहीं कर सकता, टेंडर लगेगा तो काम होगा। वहीं कार्यपालन अभियंता पी.एल. पैकरा ने बताया कि सड़क मरम्मत का टेंडर हो चुका है और कार्य जल्द शुरू होगा।

### संस्कृति की अनमोल धरोहर हरेली : राजेन्द्र

**सरिया।** शिक्षक और प्रकृति प्रेमी राजेन्द्र चौहान ने हरेली पर्व को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर



बताते हुए इसकी परंपराओं को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि यह पर्व प्रकृति, कृषि और पशुधन के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हरेली के दिन किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं। गाँवों में गेड़ी दौड़, पूजा-पाठ, देवता वंदना, पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं। चौहान ने बताया कि वे विगत 10 वर्षों से पौधों को संरक्षित कर उन्हें स्कूल और सार्वजनिक स्थलों पर रोपते हैं। इस वर्ष उन्होंने सेव और लीची के पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे और अपने पिता द्वारा बनाई गई गेड़ी पर चढ़कर पर्व का आनंद लिया।

## पेज 1 के शेष...

### खमगड़ा बांध में ...

सहित अन्य लोगों ने बताया कि जलसंसाधन विभाग को लगातार हो रही बारिश को मद्देनजर रखते हुये इसका समाधान करना चाहिये.ताकि समय रहते बढ़ते जलस्तर से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। बिडम्बना है कि खमगड़ा जलाशय परियोजना को लगभग 22 वर्ष हो गये इसके बावजूद किसानों के खेतों तक जाने वाली नहरों का पिचिंग कार्य नही किया गया है.जिसके कारण प्रतिवर्ष मनरेगा से लाखों रुपयों से खरपतवार और मिट्टी का कार्य किया जाता है.जो एक वर्ष बाद फिर वही स्थिति में आ जाती है.इससे मनरेगा जैसे योजनाओं का शासन के रुपयों का बंदरबाट होता है.जीवनदायिनी खमगड़ा जलाशय परियोजना ने कोतबा क्षेत्र के किसानों को नई पहचान दी है.इस परियोजना से किसान आत्मनिर्भर बने हैं. लेकिन इस परियोजना का समुचित लाभ सभी लोगों को नही मिल रहा है.22 साल बाद भी यह बांध आज भी अधूरे हैं.जिससे किसानों को किसी भी प्रकार कोई कर देना नही पड़ता है. हजारों लोगों के जीवन मे बदलाव लाने वाली इस परियोजना के कई सार्थक पहलू भी हैं. लेकिन प्रशासन की अनदेखी से आज भी अधूरी पड़ी हुई है.जिसके कारण नये निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलने की बात अधिकारी कह रहें है।

### नाम का सही स्थान परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ANJALI TIGGA D/o KASHMIR TIGGA निवासी- ग्राम कटंगजोर, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) यह घोषणा करती हूँ कि मेरे 12वीं की अंकसूची पूर्व में मेरे माता-पिता के नाम वाले कॉलम में त्रुटिपूर्ण गलत नाम माता का नाम KASHMIR TIGGA, एवं पिता का नाम LETAREN TIGGA, को त्याग कर सही कॉलम का स्थान सही नाम माता का नाम LETAREN TIGGA एवं पिता का नाम KASHMIR TIGGA, दर्ज किया जावे।

अत: आज से 12वीं की अंकसूची में मेरे माता-पिता के नाम वाले कॉलम का सही स्थान नाम माता का नाम LETAREN TIGGA एवं पिता का नाम KASHMIR TIGGA, से ही दर्ज किया जावे।

घोषणाकर्ता
ANJALI TIGGA
D/o KASHMIR TIGGA

## ट्रांसफार्मर और पोल टूटे, सर्किट हाउस का कंट्रोल पैनल भी जल गया

# भारी बारिश ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था, शहर से लेकर गांव तक अंधेरे में डूबे कई इलाके





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार को हुई तेज बारिश ने जिले की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक, बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई जगहों पर बिजली पोल टूट गए, ट्रांसफार्मर फेल हो गए और सर्किट हाउस का पूरा कंट्रोल पैनल जलकर खाक हो गया।

बारिश के बाद सबसे बड़ी घटना बूढ़ी माई मंदिर के पास घटी, जहां एक विशालकाय पुराना पीपल का पेड़ गिर गया। बताया गया कि यह पेड़ वर्षों पुराना था और बारिश के चलते अचानक धराशायी हो गया।

इसके गिरने से आसपास के कई बिजली खंभे टूट गए और तारों की पूरी व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई। नतीजतनए क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई। हालांकि सुबह होते ही नगर निगम की टीम सक्रिय हुई और गिरे हुए पेड़ को हटाया गया। लेकिन तब तक पूरा इलाका रात भर अंधेरे में डूबा रहा।

### जनता को करना पड़ा भारी परेशानी का सामना

बिजली बंद होने के चलते न सिर्फ लोग अंधेरे में रहे, बल्कि पानी की सप्लाई, मोबाइल चार्जिंग, इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य जरूरी काम भी बाधित हुए। गर्मी और उमस के बीच लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्य से स्थिति में धीरे.धीरे सुधार हो रहा हैए लेकिन यह घटना फिर एक बार सवाल खड़े करती है कि क्या जिले की बिजली संरचना आपदा के लिए तैयार है।

### बिजली विभाग की टीम जुटी बहाली में

बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री गूंजन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम रात भर बिजली व्यवस्था को सुधारने में लगी रही। उन्होंने कहा कि अधिकतर क्षेत्रों में रात के समय ही बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। शेष स्थानों पर अभी भी छोटे मोटे सुधार कार्य जैसे टूटे पोल बदलना, ट्रांसफार्मर की मरम्मतए तार जोड़ने आदि का कार्य जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से सुधार किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द पूरी व्यवस्था सामान्य हो सके।

### सर्किट हाउस और आसपास के क्षेत्र भी प्रभावित

मेडिकल कॉलेज रोड ट्रांसपोर्ट नगर और मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र के साथ-साथ सर्किट हाउस क्षेत्र की भी बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। यहां आकाशीय बिजली गिरने से सर्किट हाउस का कंट्रोल पैनल पूरी तरह जल गया। इससे पूरे इलाके की आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली विभाग की टीम ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और मरम्मत कार्य में जुट गई। देर रात तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी, लेकिन कुछ स्थानों पर सुधार कार्य अब भी जारी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब

ग्रामीण इलाकों की बात करें तो स्थिति और भी ज्यादा गंभीर रही। पुटकापुरी जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। बताया गया कि पुटकापुरी क्षेत्र में बारिश के कारण करीब 15 से 20 बिजली खंभे गिर गए। वहीं कापु में तो करीब 24 घंटे तक बिजली की सप्लाई ही नहीं हो सकी। इसके अलावा गढ़उमरिया, खैरपुर इत्यादि क्षेत्र में भी रातभर बिजली गुल रही। इन गांवों में लोग पूरी रात अंधेरे में रहे, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।



## यशस्वी जशपुर : प्रयोगशाला सहायकों का उन्मुखीकरण

**जशपुरनगर।** यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में तथा शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर के निर्देशन में प्रयोगशाला सहायकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन संकल्प शिक्षण संस्थान में किया गया।

▪ विज्ञान के महत्वपूर्ण प्रयोगों का प्रदर्शन

कार्यशाला का उद्देश्य जिले के विद्यालयों में कार्यरत प्रयोगशाला सहायकों को विज्ञान प्रयोगों की जानकारी देना, उनके कौशल को निखारना तथा प्रयोगशालाओं के उपयोग और अधिक प्रभावी बनाना था। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने सभी प्रयोगशाला सहायकों को लैब के नियमित उपयोग, विद्यार्थियों को प्रयोगो के लिए प्रोत्साहन, अपनी क्षमता के शत प्रतिशत का उपयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रयोगशाला प्रबंधन की विस्तृत जानकारी देते हुए यह भी बताया कि प्रयोगशाला का किस प्रकार बेहतर उपयोग किया जाए?, जिससे विद्यार्थियों में बेहतर समझ विकसित हो। उन्मुखीकरण में भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान विषयों से संबंधित कई प्रयोगों का प्रदर्शन और अभ्यास कराया गया। मास्टर ट्रेनर श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती शबाना परवीन के द्वारा रसायन विषय में कराए गए प्रयोग में उपकरणों का ज्ञान, मॉडल किट का प्रयोग, विभिन्न अभिकर्मकों के विलयन तैयार करना, मोलर विलयन बनाना तथा केएम एनओ एवं मोहर लवण मध्य अनुमापन प्रमुख रहे। जीव विज्ञान में श्रीमती रेशमारानी एक्का ने क्वाड्रेट विधि द्वारा पौधों की जनसंख्या घनत्व मापन, केले की पत्तियों से डीएनए पृथक्करण एवं विभिन्न जल स्रोतों का पीएच मान मापन कराया। प्रयोगों के माध्यम से प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षता पर भी चर्चा की गई। भौतिकी में प्रशिक्षक दीपक ग्वाला, संतोष कुमार अम्बस्थ ने वर्नियर कैलिपर्स, स्क्रूगेज, कांच के आयताकार गुटके, प्रकाश का अपवर्तन, प्रिज्म के प्रयोग, उत्तल लेंस की फोकस दूरी ज्ञात करना जैसे प्रयोग कराए।

## एफपीओ के कार्यों की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** जिले में संचालित फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) के व्यवसाय विकास हेतु कार्ययोजना निर्माण एवं उनके कार्यों की समीक्षा हेतु शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।



समीक्षा बैठक लेते कार्यपालन अधिकारी।

इस बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के साथ जिले के सभी एफपीओ के अध्यक्ष, सदस्य एवं सीबीबीओ टोलेंटो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने सभी अधिकारियों को कृषकों के साथ मिलकर कृषि व्यवसाय विकास के दृष्टिकोण से कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलवाने एवं उनकी आय में वृद्धि के लिए कृषक उत्पादों को खरीदने वाली संस्थाओं एवं कंपनियों को सीधे एफपीओ से जोड़ने एवं मार्केट लिंकेज में एफपीओ को होने वाली समस्याओं का समाधान करने के कहा। उन्होंने विभिन्न कृषि संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए किसानों के लिए कृषि विशेषज्ञों के साथ मिलकर उत्कृष्ट व्यापार योजना बनाने एवं किसानों को विभिन्न कृषि उत्पादों एवं उनके प्रसंस्करण की संभावनाओं से परिचित कराने के लिए नियमित रूप से शैक्षणिक भ्रमण करवाने हेतु सीबीबीओ को निर्देशित किया गया। उन्होंने एफपीओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। ज्ञात हो कि जिले में 5 एफपीओ कार्यरत है, जिसमें से प्रत्येक एफपीओ में औसतन 500 से अधिक किसान जुड़ कर कार्य कर रहे हैं।

## संत जोसेफ स्कूल में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

**कांसाबेल।** संत जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कांसाबेल में शनिवार को विभिन्न चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य विषय था कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नशीली पदार्थो पर प्रतिबंध, कक्षा नवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण संरक्षण, एवं कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए स्वतंत्रता दिवस।



प्रतियोगिता में चित्र बनाते बच्चे।

सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने ग्रुप के अनुसार बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं में अपने भाषण में नशीली पदार्थों पर प्रतिबंध पर जोर दिया। उन्होंने झांकी के साथ विषय वस्तु को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत कर इसके खिलाफ कदम उठाने हेतु जागरूक किया। इस प्रतियोगिता में संध्या रानी भगत ( पीला ग्रुप ), आदर्श एक्का ( ग्रीन ग्रुप) एवं प्रज्ञा एक्का ( रेड ग्रुप ) ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। पर्यावरण से संबंधित पर्यावरण संरक्षण पर विद्यार्थियों ने सबके समक्ष अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी ही नहीं महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। उन्होंने अपने विचार में कहा कि यदि हम आज पर्यावरण को सुरक्षित रखें तो हमें भविष्य में होने वाली समस्याएं जैसे अत्यधिक गर्मी, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सकता है। इस विषय पर प्रतियोगिता में अरमान तिग्गा (नीला ग्रुप) ने पहला, जोयेस मिंज (पीला ग्रुप) ने दूसरा, जबकि इशांत तिर्की (ग्रीन ग्रुप) ने तीसरा पुरस्कार अपने नाम किया। स्वतंत्रता दिवस विषय पर भी विद्यार्थियों ने भाषण पेश किया और कहां की इस पुनीत दिवस पर तिरंगा झंडा फहराने के साथ हमें उन वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करना है जिन्होंने हमारे देश भारत को पुनः सोने चिड़िया के रूप में परिवर्तित कर गए और कहे - मैंने ढूंढा बहुत वो जहां ना मिला मेरे वतन जैसे ना जमीं ना कोई आसमां मिला। इस वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में सानवी खलखो (पीला ग्रुप) ने पहला, भूमि पैंकरा ( नीला ग्रुप) ने दूसरा और मुक्तेश साहू (रेड ग्रुप) एवं अनुष्का लकड़ा (ग्रीन ग्रुप) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा पहली से पांचवी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में नीला के रूप में पहला स्थान प्राप्त किया, ग्रीन ग्रुप ने दूसरा और पीला ग्रुप में तीसरा स्थान अपने नाम किया। इस अवसर पर सिस्टर मेरी परमार, ब्रदर निलेश टोप्पो और ब्रदर लुकास सोरेंग मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने कहा कि विद्यालय में आयोजित ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर के अपनी प्रतिभाओं को हमेशा निखारने हेतु प्रयत्न करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य फादर एडमोन बड़ा ने ने कहा कि विद्यार्थियों में अपार क्षमताएं हैं जिसका समुचित विकास किया जाना

## पौधरोपण कर चलाया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान

**कोतबा।** विकासखंड पत्थलगांव के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में शनिवार को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस विशेष आयोजन के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया और लगाए गए पौधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध भी किए गए।



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए इस प्रयास में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया, इसी तारतम्य में पीएम श्री सेजेश कोतबा में शनिवार को शाला विकास समिति के अध्यक्ष सांवरिया अग्रवाल स्कूल के प्राचार्य और समस्त शिक्षकों गणों और छात्र छात्राओं द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पर पौधरोपण किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारा एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। अध्यक्ष जी ने सभी को पेड़ लगाने के लिए अपील भी किया।

## स्वयं सेवकों एवं प्राध्यापकों ने लगाए फलदार व छायादार पौधे

**राहौद।** नगर के अग्रणी शिक्षा संस्थान राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय ) में एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्व हरेली के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।




पौधरोपण के दौरान उपस्थित स्वयं सेवक एवं प्राध्यापक।

इस दौरान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व प्राध्यापकों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार वृक्ष का रोपड़ कर वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान पृथ्वी के वृक्षारोपण की महत्ता को बताया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप, सहायक कार्यक्रम अधिकारी तेनुजा साहू तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप, सहायक प्राध्यापक जी.पी. कौशिक , श्याम साहू, ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप एवम् प्रदीप वर्मा, अनिल कश्यप ने अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं सभी एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका ने अपने सहभागिता निभाई देवेंद्र , प्रवीण, अर्चना, भारती, संजय,तरुण, सुनील,सुष्मिता, राम कुमारी,अर्चना, ज्योति, अजय, अंजना, कुलदीप,कल्याणी का विशेष योगदान रहा।



## विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**कांसाबेल।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगांव विधायक गोमती साय उपस्थित रहीं। जिन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।साथ ही एक पेड़ माँ के नाम पर भी लगाया। विधायक गोमती साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन है। यही वह आधार है जिस पर सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की नींव रखी जाती है। हर बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुँचना हमारा कर्तव्य और संकल्प है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता भगत, मण्डल अध्यक्ष सुदामा पंडा, जिला पंचायत सदस्य हीरामती पैंकरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गणेश जैन, समस्त जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, भाजपा पदाधिकारीगण, छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य था शिक्षा के प्रति जनजागृति लाना,नवप्रवेशी बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करना,विद्यालय को एक उत्सवमय वातावरण प्रदान करना। कार्यक्रम में बच्चों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरणादायक वक्तव्य और रंग-बिरंगे स्वागत की झलक ने आयोजन को एक भावनात्मक और प्रेरणादायक अनुभव बना दिया।

### हरेली के अवसर पर स्कूल में रोपा गया नीम का पेड़

## स्काउटिंग से आता है व्यक्तित्व में निखार : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में आयोजित राज्य स्तरीय एडवांस प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जे.आर. डहरिया पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं से बातचीत कर जानकारी ली।



शिविर संचालक गिरीश कुमार पाढ़ी ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में 39 स्काउटर, 12 गाइडर और 9.9 रोवर-रेंजर प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्य मुख्यालय से आए 12 प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। तृतीय दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों को हाइक पर देवसागर ले जाया गया जहाँ उन्होंने खोज संकेतों के माध्यम से गंतव्य तक पहुँचना सीखा। इस अवसर पर डहरिया ने कहा, स्काउटिंग से व्यक्तित्व में निखार आता है और जीने का तरीका बदल जाता है। हमें इस माध्यम से बेहतर नागरिक तैयार करने हैं। उन्होंने शिक्षा गुणवत्ता सुधार की आवश्यकता भी जताई और शासन के निर्देशानुसार परिणाम सुधार का आह्वान किया। हरेली पर्व के अवसर पर डहरिया ने स्कूल परिसर में नीम का पौधा रोपित किया और एक पेड़ मां के नामस लगाने की अपील की। 25 जुलाई को विशाल ग्रेट कैंप फायर का आयोजन होगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इस अवसर पर डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, ग्रुप लीडर अजय जायसवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और स्काउटिंग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

